## ग्राम पंचायत बाघणी, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि• प्र• –176057 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत बाघणी, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेश कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**सचिव :–**

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमित कुमार | 01.04.2024 से 06.09.2024 |
| 2 | श्री तिलक राज | 06.09.2024 से 31.03.2025 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री ओंकार दत्त | 01.04.2024 से 06.09.2024 |
| 2. | श्री अजय कुमार | 06.09.2024 से 31.03.2025 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति आशा देवी | 01.04.2024 से 07.09.2024 |
| 2 | श्री संदीप कुमार | 07.09.2024 से 31.03.2025 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:–**

ग्राम पंचायत बाघणी के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 1.99 |
| 2 | 4.2 | स्कीमवाईज व समेकित/संयुक्त ऑनलाईन रोकड़ बही के अथशेषों में बहुत ज्यादा अंतर पाया जाना | 10.66 |
| 3 | 4.3 | अनुचित/असमर्थित/समायोजित आय–व्यय प्रविष्टियां करने बारे | 1.82 |
| 4 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 41.87 |
| 5 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.13 |
| 6 | 7.2 | स्वच्छता शुल्क वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.20 |
| 7 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.53 |
| 8 | 9.2 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 0.97 |
| 9 | 9.3 | निर्माण सामग्री का अनियमित क्रय | 0.65 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:–**

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/205 दिनांक–29.03.2025 द्वारा केवल अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के अनिर्णीत पैरों पर ही कार्यवाही करते हुये केवल 1 पैरें की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 18 पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के

शेष 18 पैरों के साथ–साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

**(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2016 से 31/03/2017 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 13 | अनिर्णीत | – |

**(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | |
| 2. | 4क,ख | स्वतः निर्णीत | वित्तीय स्थिति |
| 3 | 4.1 | अनिर्णीत | – |
| 4 | 4.2 | अनिर्णीत | – |
| 5 | 4.3,4.4 | अनिर्णीत | – |
| 6 | 4.5 | अनिर्णीत | – |
| 7 | 5 | अनिर्णीत | – |
| 8 | 6.1 (क, ख, ग) | अनिर्णीत | – |
| 9 | 6.1, 6.2 | अनिर्णीत | – |
| 10 | 7 | अनिर्णीत | – |
| 11 | 8 | अनिर्णीत | – |
| 12 | 9 | अनिर्णीत | – |
| 11 | 10 | अनिर्णीत | – |
| 12 | 11 | अनिर्णीत | – |
| 13 | 11.1 | अनिर्णीत | – |
| 14 | 12 | अनिर्णीत | – |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 16 | 14 | अनिर्णीत | — |
| 17 | 15 | अनिर्णीत | — |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत बाघणी के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 30.05.2025 से 04.06.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की अधिकतम आय तथा पंचायत के अधिकतम व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2024—25 | 12/2024 | 11/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

## 3. अंकेक्षण शुल्कः—

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/378 दिनांक— 04.06.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि कांगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक योल कैम्प के मल्टीसिटी चैक संख्या 612958 दिनांक 05.06.2025 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

## 4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2025/361 दिनांकः—30.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के

अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया है:–

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5)(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 545418 | 345887.00 | 891305.00 | 131696.00 | 759609.00 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 4768331.31 | 7160653.55 | 11928984.86 | 7741901.55 | 4187083.31 |

**कुल योग** (1+2) 759609.00+4187083.31 =**4946692.31**

## (ख).बैंक समाधान विवरणीः–

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹49,46,692.31 तथा ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" के अनुसार अन्तशेष ₹51,45,365.54 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वः स्रोत | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 20121009803 | 873908 |
| 2 | पांचवा वित् | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50074544691 | 1045030 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50056449787 | 397933 |
| 4 | एस.डी.पी / वी.एम.जे.एस.वाई | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50056449801 | 283876.43 |
| 5 | एस .डी.आर.एफ/ | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50056449776 | 148391.24 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एम.पी.लेड | | | |
| 6 | एम.पी.लेड | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50078125020 | 40000 |
| 7 | एन.आर.एच.एम | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50056447021 | 6114 |
| 8 | एस.बी.एम गारवेज | के. सी .सी. बैंक योलकेंट | 50075027819 | 251953 |
| 9 | स्वः स्रोत | पी.एन.बैंक सिद्धपुर | 4749000100027097 | 178436 |
| 10 | 15वां वितायोग/ जिला परिषद /पचायत समिति | पी.एन.बैंक योलकेंट | 671000100062269 | 1919266.87 |
| 11 | हस्त गत शेष दिनांक 31.03.2025 को (स्व: स्रोत की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 457 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योगः– | | | | ₹5145365.54 |
| **दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹4946692.31 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेषः– | | | | ₹5145365.54 |
| अन्तरः– | | | | 198673.23 |

**नोटः–अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹1.99 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत बाघणी द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1,98,673.23 का अन्तर रोकड़ बही में कम शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। उपरोक्त आपति को अंकेक्षण विभाग द्वारा गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के पैरा संख्या 4.2 के तहत भी उठाया गया, परन्तु पंचायत द्वारा इस एवज में कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई अमल में नही लाई गई।

दोहराई गई इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/363 दिनांकः–31.05.2025 द्वारा

सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— 15/2025 दिनांकः—04.06.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यो की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया गया कि, उक्त राशि का अंतर पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 4.2 स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड बहियों तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अथशेषो में ₹10.66/—लाख का बहुत ज्यादा अंतर पाया जानाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियमावली 2002 के नियम 6(2) के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव लेन—देन की स्थिति को प्रदर्शित करने वाले लेखें तथा विवरणियां सही—सही तथा शीघ्रता से उपलब्ध करवाएगा।

ऑनलाईल रोकड़ बहियों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **"परिशिष्ट—6"** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अथशेषों में दिनांक 01.04.2024 को राशि ₹1066119.23 का बहुत ज्यादा अंतर पाया गया। इस प्रकार से ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का ऑनलाईन माध्यम से मिलान न करना नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित ही नहीं, बल्कि आपतिजनक है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/362 दिनांकः—31.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—15/2025 दिनांकः—04.06.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, उक्त राशि का अंतर पाया गया, जिस बारे अभिलेखों की जांच पड़ताल करने उपरान्त अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः वर्णित अनियमितता का कारणों सहित पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए तदानुसार इसका समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य हेतु भी यह सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाईन माध्यम से रोकड़ बहियों का रख—रखाव उचित तरीके से किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 4.3 राशि ₹1.82 लाख की अनुचित/असमर्थित/समायोजित (Adjustment voucher) आय–व्यय की प्रविष्टियां करने बारे :–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बज़ट, लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 10(1) के अनुसार ग्राम पंचायत के बैंक खातो में से प्रत्येक निकासी की तत्काल रोकड़ बही में प्राप्ति की ओर व जमा की अदायगी की ओर प्रविष्टि दर्ज की जाएगी तथा उसकी बैंक पास बुक उचित प्रेषण व निकासी प्रविष्टियों सहित अनुरक्षित की जाएगी।

ग्राम पंचायत की स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियो के अंकेक्षण पर पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत निम्न विवरणानुसार राशि ₹182022/–की समायोजित प्रविष्टियां (Adjustment voucher) आय–व्यय के रूप में की गई दर्शाई गई थी, जिसके समर्थन में कोई बिल/वाउचर भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया तथा न ही यह प्रविष्टियां संबंधित शीर्ष की बैंक पासबुक में पाई गई, जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है व आपतिजनक है:–

| क्र. सं. | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | आय/व्यय | विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5वां वित | पी/05/25.04.2024 | व्यय | Double income entry correction dated 04.04.24 | 2 | 29600 |
| 2 | 5वां वित | आर/07/01.05.2024 | आय | Wrong payment entry correction dated 25.04.24 | 2 | 29600 |
| 3 | एस.बी.एम | आर/02/04.04.2024 | आय | Waste management fee received | 1 | 29600 |
| 4 | एस.बी.एम | पी/04/25.04.2024 | व्यय | Double income entry dated 04.04.2024 Correction | 2 | 29600 |
| 5 | एस.डी.आर.एफ | आर/09/31.12.2024 | आय | Amount adjust | 15 | 27690 |
| 6 | एस.डी.पी | आर/5/31.08.2024 | आय | Interest Received | 7 | 1920 |
| 7 | एस.डी.पी | पी/09/70.09.2024 | व्यय | Wrong Interest entry correction | 10 | 1920 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | आई.ए.वाई | पी/01/1.11.<br>2024 | व्यय | Amount Adjust | निल | 32092 |
| | | | | | **कुल योग** | 182022 |

इस प्रकरण को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/368 दिनांकः—02.06.2025 के अंतर्गत सचिव, ग्राम पंचायत बाघणी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—15/2025 दिनांकः—04.06.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, उक्त राशि की समायोजित प्रविष्टियां की गई है, जिस बारे अभिलेखों की जांच पड़ताल करने उपरान्त व विभाग के उच्चाधिकारियों से चर्चा करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित एवं नियमानुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण व समर्थित अभिलेखों सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अथवा इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति/पुष्टि से नियमित करवाया जाये व कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5 निवेश न करने बारेः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि, इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹6,60,001 से ₹8,73,908 तक की राशि शेष थी, जो पंचायत के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को दर्शाता है। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/379 दिनांकः—04.06.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या— 15/2025 दिनांकः—04.06.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0

पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹41.87 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/361 दिनांकः–30.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹41,87,083.31/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित्त | 31.03.2025 | 1047414.77 |
| 2 | बी.के.बी.एन.वाई | 31.03.2025 | 394230.00 |
| 3 | एस.डी.पी | 31.03.2025 | 290998.43 |
| 4 | एम.पी.लेड | 31.03.2025 | 85740.00 |
| 5 | एस.डी.आर.एफ | 31.03.2025 | 148391.24 |
| 6 | एन.आर.एच.एम | 31.03.2025 | 26729.00 |
| 7 | आर.ए. वाई | 31.03.2025 | 5360.00 |
| 8 | एस.बी.एम | 31.03.2025 | 268953.00 |
| 9 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2025 | 1919266.87 |
| | | **कुल जोड** | **4187083.31** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/364 दिनांक–31.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15/2025 दिनांकः–04.06.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, शेष/अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आय**

### 7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.13 की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना:—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/361 दिनांकः—30.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में ₹13070/— की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/369 दिनांकः—02.06.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—15/2025 दिनांकः—04.06.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

### 7.2 स्वच्छता शुल्क की ₹0.20 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना व संबंधित अभिलेखों का अनुरक्षण न करना:—

हि•प्र• पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 के उप नियम (3)(ii) के अनुसार पंचायत की गलियों की सफाई, गलियों में प्रकाश व्यवस्था, साफ—सफाई, **स्वच्छता ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन**, वाहनों की पार्किंग के लिये प्रस्ताव के तहत सभा क्षेत्र में सेवा शुल्क

उदगृहित करने का अधिकार है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय / अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2025 / 361 दिनांकः–30.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "9"** पर संलग्न सूचना के अनुसार स्वच्छता शुल्क के रूप में ₹20100 /– की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। प्रस्ताव संख्या 12 दिनांकः– 24.01.2023 के तहत निर्णय लिया गया था कि, प्रत्येक यूनिट (घर / दुकान) से ₹50 / 100 प्रति मास ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता शुल्क की वसूली की जाएगी, जबकि अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से वसूली करवाई गई। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता शुल्क से संबंधित अभिलेख, यूनिटों की संख्या श्रेणी बार, वसूली साधन, मांग व बकाया इत्यादि का ब्यौरा तैयार नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "9"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष राशि, अथशेष, यूनिटों की संख्या, अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी। यह एक बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है या कोई वितीय अनियमितता पाई जाती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2025 / 371 दिनांकः–03.06.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 / 2025 दिनांकः–04.06.2025 द्वारा आंकडों व तथ्यों की पुष्टि करने उपरान्त स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि के अंत में स्वच्छता शुल्क की उक्त राशि वसूली हेतु शेष पाई गई, जिसकी वसूली करने उपरान्त संबंधित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा तथा इससे संबंधित समस्त अभिलेख मांग व संग्रह रजिस्टर, रसीद बुक रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अनुरक्षण करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उपरोक्त मामले के संबंध में नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा संबंधित मांग व प्राप्ति रजिस्टर तैयार करके व समस्त आवश्यक अभिलेखों का उचित तरीके से रख–रखाव करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.04 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने व सभा निधि में अनियमित जमा करने बारे:—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक:—04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070—60—108—01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/361 दिनांक:—30.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत बाघणी द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹3800/— विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु इसमें से राशि ₹2600 को सरकारी कोष में जमा न करवाकर सभा निधि में जमा करवाया गया तथा राशि ₹1200 को बैंक में जमा न करवाकर सीधे तौर पर खर्च किया गया था, जिससे कि सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त राशि ₹200 अंकेक्षण अवधि के अंत में वसूली हेतु शेष थी।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/370 दिनांक:—02.06.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत बाघणी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:—15/2025 दिनांक:—04.06.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यों की पुष्टि करने उपरान्त सूचित किया गया कि, प्राप्त की गई विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि ₹2600 को सभा निधि में जमा करवाया गया तथा शेष सीधे तौर पर खर्च की गई व वसूली हेतु शेष राशि सहित की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त, सरकारी कोष में जमा करवाने उपरान्त व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरान्त सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.53 लाख के स्टॉक का क्रय करना:—

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत बाघणी के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार ₹52999/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

इस अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/372 दिनांकः–03.06.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15/2025 दिनांकः–04.06.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त ही सामग्री क्रय की जाएगी। प्रस्तुत उतर अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2021 से 03/2023 के **पैरा संख्या 11** मे दर्ज अंकेक्षणापति के दृष्टिगत, तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः दोहराई गई इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुतस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि में इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹0.97 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांकः–02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "8"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹96932/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते है।

